प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

31 मार्च 2021

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा 'तिमाही बीएसआर-1: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का बकाया ऋण – दिसंबर 2020' जारी किया गया

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का बकाया ऋण – दिसंबर 2020' शीर्षक से अपना वेब प्रकाशन अपने भारतीय अर्थव्यवस्था संबंधी डेटाबेस (डी.बी.आई.ई.) नामक पोर्टल (वेब-लिंक: https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=publications#!12) पर जारी किया। यह बैंक ऋण की विभिन्न विशेषताओं जैसे व्यवसाय/गतिविधि और उधारकर्ता के संगठनात्मक क्षेत्र, खाते के प्रकार और ब्याज दरों को कैप्चर करता है । इस सर्वेक्षण के दौर में 88 एससीबी (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) की 1,26,862 शाखाओं द्वारा रिपोर्ट किए गए आंकड़े, बैंक समूहों, जनसंख्या समूहों और राज्य वार प्रस्तुत किए गए हैं[1]।

मुख्य बातें:

- व्यक्तिगत ऋण, जो बैंक ऋण के एक चौथाई के लिए जिम्मेदार था, ने दोहरे अंक की वृद्धि को बनाए रखा; औद्योगिक ऋण संकुचन क्षेत्र में रहा ।
- संस्थागत क्षेत्रों में, घरेलू क्षेत्र में ऋण[2] में वृद्धि निरंतर रही और दिसंबर 2020 में कुल ऋण में इसकी हिस्सेदारी बढ़कर 52.3 प्रतिशत हो गई (दिसंबर 2019 में 50.3 प्रतिशत)।
- निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र ने लगातार पांचवीं तिमाही के लिए बैंक ऋण (वर्ष-दर-वर्ष) में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की, जो अल्पकालिक मांग स्थितियों को दर्शाता है ; कुल ऋण में निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र की हिस्सेदारी दिसंबर 2020 में घटकर 28.5 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पहले यह 31.4 प्रतिशत और दो वर्ष पहले 34.5 प्रतिशत थी।
- पिछले एक वर्ष में बकाया ऋण के लिए भारित औसत उधार दर (डबल्यूएएलआर) में 87 आधार अंकों की गिरावट आई, जिसमें नवीनतम तिमाही के दौरान 23 आधार अंक रहा ।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1327

[1] दिसंबर 2020 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के लिए पाक्षिक फॉर्म-ए रिटर्न (भारिबैं अधिनियम 1934 की धारा 42 (2) के तहत संकलित) पर आधारित सकल डेटा का प्रकाशन पहले हमारी वेबसाइट (होम> स्टैटिस्टिक्स> डेटा रिलीज>फोर्टनाइटली - शेडयूल्ड बैंक'स स्टेटमेंट ऑफ पोजीशन इन इंडिया) पर किया गया था और सितंबर 2020 के एससीबी के जमा और ऋण पर अलग-अलग आंकड़े पहले भी (होम> सांख्यिकी> डेटा रिलीज> तिमाही> एससीबी के जमा और ऋण तिमाही सांख्यिकी) पर जारी किए गए थे।

2 घरेलू क्षेत्र में मालिकाना संस्थाओं, हिन्दू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ़) और भागीदारी फर्मों सहित अन्य शामिल हैं